तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



गन्ना रस, जूस सेंटर और गुपचुप दुकान की जांच करने पहुंची प्रशासन की टीम 4


## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### महिला आयोग की अध्यक्ष 30 को करेंगी जनसुनवाई

**कोरबा।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान, न्याय तक सहज पहुँच तथा उनकी शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 30 अप्रैल को कोरबा, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार - महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसुनवाई की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, शिकायतों के त्वरित निस्तारण, कानून-व्यवस्था तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, कोरबा में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी।

### भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने सुनी मन की बात

**कोरबा।** प्रदेश एवं जिला नेतृत्व की प्रेरणा से भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कोरबा के तत्वावधान में निगम क्षेत्रान्तर्गत स्लम बहुल बस्ती भिलाईखुर्द में सामूहिक रूप में प्रधानमंत्री के मन की बात का जन प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में श्रवण किया गया। जिसमे वार्ड पार्षद उपेंद्र पटेल, जिला सह प्रभारी मोहन सिंह, भाजपा नेता कुंज द्विवेदी, स्वप्निल झा, दीदी श्रीमती गुड़िया यादव, सत्यम पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। जिलाध्यक्ष अमित टमकोरिया ने इसे प्रेरणास्पद एवं समाज को दिशा देने वाला कार्यक्रम बताते हुए इसे आत्मसात करने सहित आगामी गर्मियों को देखते हुए लोगो की मदद करने की बात कही।

### रेलवे फाटक पर अंडरग्राउंड ब्रिज की मांग

**कोरबा।** रेलवे फाटक अंडरग्राउंड ब्रिज के निर्माण संबंधित विषय को लेकर जन चिंतक मंच (सामाजिक संगठन) के प्रदेश संगठन महाप्रमुख अरुण कुमार सरकार, प्रदेश सचिव युगल पुजारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार द्वारा कोरबा रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक से मुलाकात किया एवं संगठन द्वारा पत्र दिया गया। संगठन ने विषय रखा की कोरबा सोनालिया ज्वेलर्स के समीप तथा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक पर अंडरग्राउंड ब्रिज निर्माण हेतु कार्य रुका पड़ा है उस पर रेलवे प्रशासन कृपया ध्यान दें तथा जन चिंतक मंच द्वारा दिए गए पत्र को सक्षम विभाग को कोरबा प्रबंधक द्वारा भेजी जावे, ताकि कोरबा की आम जनता को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### समूहों ने बदली पोषण आहार आपूर्ति की तस्वीर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की दूरदर्शी पहल के तहत जब आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जाने वाले पोषण आहार के स्थानीय निर्माण और वितरण की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह कदम महिलाओं के जीवन में इतना बड़ा परिवर्तन ला देगा। पहले यह कार्य बीज विकास निगम के माध्यम से किया जाता था, लेकिन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को दी गई।

30 अप्रैल तक मई व जून महीने के चावल का करना था भंडारण

# पीडीएस दुकानों में 70 हजार क्विंटल से अधिक चावल का नहीं हो सका भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी और ट्रांसपोर्टरों की उदासीनता के कारण जिले की पीडीएस दुकानों में 70 हजार क्विंटल से अधिक चावल का भंडारण अब तक नहीं हो सका है। जबकि 30 अप्रैल तक मई व जून महीने के चावल का करना था भंडारण।

**खास बात**

- प्रति माह होता है 1 लाख 15 हजार क्विंटल का आबंटन

जिले में शहरी और ग्रामीण अंचल मिलाकर 556 पीडीएस दुकानें हैं। जिसमें कोरबा, पाली, कटघोरा, दीपका, छुरी नगरीय निकायों की भी 140 दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों के लिए चावल भंडारण का समय 30 अप्रैल तय किया गया था। शासन की ओर से तीन माह का चावल एक साथ देने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को मई व जून महीने के चावल का आबंटन कर उसके भंडारण को सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए गए थे। किन्तु नागरिक आपूर्ति निगम के जिम्मेदार अधिकारियों और ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही की वजह से 3 दिन में चावल का भंडारण करना मुश्किल हो गया है। इस बात को नान के अधिकारी भी स्वीकारते हैं। अब तक 363 दुकानों में चावल का भंडारण ही नहीं हो सका है। केवल 191 दुकानों में ही भंडारण किया जा सका है। विभागीय लापरवाही की वजह से कोरिया जिले के नान के डीएम को कोरबा जिले की वितरण व्यवस्था संभालने के लिए भेजा गया है। इनके द्वारा पिछले 3 माह से पीडीएस दुकानों में चावल के भंडारण को लेकर कार्य तो किया जा रहा है लेकिन पुराने बैकलाग कोटे के तहत अभी भी भंडारण सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। 27 अप्रैल तक मई महीने के भी कोटे का चावल पूर्ण रूप से भंडारण दुकानों में नहीं किया जा सका है। और जून महीने के चावल की तो बात ही दूर है। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने लाखों हितग्राहियों को उनके हिस्से के चावल से वंचित कर रखा है। स्थिति यह है कि एक साथ तीन महीने का चावल देने की केवल घोषणाएं ही हो रही हैं।



फाइल फोटो

### एकाउंटेंट के भरोसे चल रहा था विभाग

चावल मामले में नॉन के पूर्व डीएम प्रमोद जांगड़े को निलंबित किए जाने के बाद विभाग के ही एक एकाउंटेंट बजरंग कसेर को प्रभार दिया गया है। जो बीते 4 माह से डीएम का प्रभार देख रहा है। इसके पूर्व भी डीएम की पदस्थापना नहीं होने पर एकाउंटेंट को ही प्रभार सौंपा जाता था।

### पार्ट पार्ट में नहीं हो रहा हैं भंडारण

पीडीएस दुकानों में चावल को लेकर भंडारण की व्यवस्था करने हेतु आबंटन में प्राप्त चावल को सभी दुकानों में पार्ट पार्ट के रूप में करना था। लेकिन इस व्यवस्था के तहत ही चावल का भंडारण सभी दुकानों में संभव नहीं हो सका है। खाद्य विभाग के अधिकारी पीडीएस दुकानों में चावल भंडारण की व्यवस्था को लेकर पूरी जिम्मेदारी नागरिक आपूर्ति निगम पर मढ़ दे रहे हैं। इधर नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को ट्रांसपोर्टरों पर नियंत्रण नहीं होने से व्यवस्था चरमराई हुई है।

#### भंडारण की जिम्मेदारी नान की

पीडीएस दुकानों में चावल भंडारण की जिम्मेदारी नान के अधिकारियों की है। उनके द्वारा ही दुकानों में कितनी मात्रा में चावल का भंडारण किया जा सकता है इसकी जानकारी दी जा सकती है।


-घनश्याम कंवर,
जिला खाद्य अधिकारी

#### भंडारण का कार्य जारी

पीडीएस दुकानों में चावल के भंडारण का कार्य चल रहा है। जून महीने के चावल का भंडारण इसी माह किया जा सके। मई महीने के चावल का भंडारण 30 अप्रैल तक करने का प्रयास किया जा रहा है।

-समीर तिर्की,
प्रभारी अधिकारी नॉन

## चिता से उठी चिंगारी ग्रामीण के घर तक जा पहुंची, आग से भारी नुकसान



घर तक पहुंची जंगल की आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचरा में अंतिम संस्कार के दौरान चिता से उठी चिंगारी ने एक ग्रामीण का आशियाना ही भस्म कर दिया। तेज गर्मी और हवाओं के कारण आग ने तेजी से फैलकर उमेश कुमार के घर को चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया।

**खास बात**

- घर से कुछ दूर जंगल में ग्रामीण कर रहे ते अंतिम संस्कार

घटना के समय घर में उमेश कुमार अपने दो बच्चों के साथ मौजूद था जबकि उसकी पत्नी नहाने बाहर तलाब गई हुई थी। तभी अचानक आग लगते ही उमेश अपने दोनों बच्चों को तुरंत घर से बाहर निकाला और जान बचाई। बताया जा रहा है कि घर से थोड़ी ही दूरी पर जंगल के पास अंतिम संस्कार किया जा रहा था। उसी तेज हवा और गर्मी के कारण चिता से उठी चिंगारी सीधे उमेश कुमार के घर के छत पर जा गिरी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पास के कुएं से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर में रखा राशन, कपड़े और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जल चुका था। ग्राम पंचायत पचरा के सरपंच द्वारा प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत और मुआवजा देने की मांग की जा रही है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- पहली धटना रजगामार चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बस्ती में घटित हुई और दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र क अटल आवास खरमोरा में हुई

पहली घटना रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत बस्ती में गठित हुई है। बताया जाता है कि यहां निवासरत दयाराम कंवर 57 वर्ष पिता चमार राम कंवर लकड़ी लेने के लिए जंगल गया हुआ था। जहां जंगल में अचानक गश खाकर गिर गया था। जिसके बाद परिजनों ने उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत घोषित कर दिया। दयाराम की मौत कैसे और किन परिस्थितियों हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

वहीं दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अटल आवास खरमोरा की है यहां निवासरत रितेश विश्वास 19 वर्ष पिता बादल विश्वास नामक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया गया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## घरेलू विवाद को लेकर हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक, घंटों चली नौटंकी



युवक को टॉवर से नीचे उतारने चढ़े पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मामूली बात को लेकर घरेलू विवाद होने की वजह से क्षुब्ध होकर एक 24 वर्षीय युवक हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया था और आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था लेकिन घंटों चले इस नौटंकी के बीच पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची और हाई टेंशन टावर में चढ़े युवक को घंटों मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा गया और उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**खास बात**

- घंटों मशक्कत के बाद पसान पुलिस की समझाइश पर नीचे उतरा युवक

मामला जिले के पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा गुरुद्वारी पारा जंगल चौकी कोडगार पेंड्रा की है। ग्राम सेमरा निवासी केवल सिंह आयाम 24 वर्ष पिता बलीराम जंगल के बीच स्थित हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया था। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव के लोग मौके पर एकत्र हो गए। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पसान पुलिस ने सूझबूझ और धैर्य का परिचय दिया। पुलिस टीम ने युवक से लगातार बातचीत कर उसे समझाया और भरोसा दिलाया। काफी देर की मशक्कत के बाद युवक पुलिस की बातों में आ गया और सुरक्षित रूप से टावर से नीचे उतर गया। इस दौरान बड़ी दुर्घटना टल गई, क्योंकि टावर पर 220 केवी की बिजली लाइन चालू थी, जिससे किसी भी समय जान का खतरा हो सकता था। घटना के बाद युवक को सुरक्षित नीचे लाया गया। घटना स्थल चौकी कोडगार थाना पेंड्रा, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का होने से युवक को चौकी प्रभारी कोडगार एवं तहसीलदार पेंड्रा के सुपुर्द किया गया।



गोल घेरे मे टॉवर में चढ़ा युवक।

स्कूल, कालेजों के छात्रों को अवगत कराया जाएगा प्राचीन धरोहरों से

# ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान में जुटेंगे जिले के युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा अपर कलेक्टर ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. भारद्वाज के निर्देशन में जिले में व्यापक रूप से संचालित किये जा रहे ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के सुचारु क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के सैकड़ों युवा छात्र-छात्राएं जुटेंगे और जिले की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर रूपी प्राचीन पाण्डुलिपियों के डिजिटल संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शासकीय ई.व्ही.पी.जी. कॉलेज में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में सभी शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह ने व्यापक रूप से चलाये जा रहें पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के बारें में विस्तार से बताया तथा प्राचार्यगणों, सहायक प्राध्यापकों की जिज्ञासा का समाधान किये।



बैठक को संबोधित करते हुए अभियान के नोडल अधिकारी व उपस्थित प्राचार्य व प्राध्यापक।

बैठक में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण मिशन के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह ने उपस्थित सभी प्राचार्य, प्राध्यापक, सहा. प्राध्यापकों को भारत की शाश्वत पाण्डुलिपि विरासत को डिजिटल संरक्षण कर बचाने के महाभियान ज्ञानभारतम मिशन में महाविद्यालयों के छात्र -छात्राओं को जोड़कर युवाशक्ति का प्राचीन धरोहर रूपी पाण्डुलिपियों को डिजिटल संरक्षित करने में योगदान देने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने इसके लिए सभी महाविद्यालय में एक सहायक प्राध्यापक को प्रभारी नियुक्त कर, प्रत्येक महाविद्यालय से एनएसएस, एनसीसी विंग सहित जिज्ञासु एवं रूचि रखने वाले 50 युवा छात्र-छात्राओं को ज्ञानभारतम यूथ टीम कोरबा में जोड़ने के लिए कहा। बैठक में श्री सिंह ने प्राचीन पाण्डुलिपियों को ज्ञानभारतम एप के माध्यम से डिजिटल संरक्षण किए जाने के सभी स्टेप्स को बताया तथा प्राचार्यगणों से अपने महाविद्यालयों के युवा छात्र -छात्राओं को ऑनलाइन मोड पर समुचित प्रशिक्षण देने के लिए कहा। बैठक में शासकीय ई.व्ही.पी.जी. कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेणुबाला शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एल. एन. कँवर, डॉ. बी. एल. साय, डॉ. अमोला कोर्राम, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. पापिया चतुर्वेदी, सहा. प्राध्यापक बलराम कुर्रे, मधु कँवर सहित विभिन्न महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक,व्याख्याता उपस्थित थे।

### गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत देश भर के 5400 तहसीलों में विशेष अभियान चल रहा है। इसी तारतम्य में पाली शिव मंदिर से 27 अप्रैल को समय 10 बजे से हस्ताक्षर अभियान और भजन कीर्तन करते हुए पाली ब्लॉक के गौ भक्त 12 बजे पाली तहसील के लिए रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। जिससे गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले, सम्मान मिले, व्यवस्थित कानून बने। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ भक्तों की उपस्थिति रहीं।

खबर संक्षेप

## महिला से 52 नग अवैध देशी शराब जब्त

**बिलासपुर।** अवैध शराब की बिक्री के मामले में तारबाहर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 नग देशी शराब की जब्ती की गई है। मामले के अनुसार तारबाहर पुलिस को सूचना मिली थी कि महिला अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए थैले में शराब ले जा रही है। टीआई के निर्देश पर टीम ने दीनदयाल गार्डन के सामने व्यापार विहार के लिए निकले। इस दौरान घेराबंदी कर उस महिला को रोका गया और थैले से 52 नग देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने ग्राम सागर सकरी निवासी आरोपी महिला धरमीन यादव पति राधेश्याम यादव उम्र 45 साल को जेल भेज दिया है।

## हास्टल से गायब छात्र नागपुर से बरामद

**बिलासपुर।** कोटा में अध्ययनरत छात्र की अचानक गायब होने की गुत्थी सुलझ गई है। कोटा पुलिस ने छात्र को नागपुर से बरामद कर लिया है। घटना कोटा थाना क्षेत्र के कोटा की है। जहां राजा मिश्रा पिता हरप्रसाद मिश्रा उम्र 42 साल फिरंगीपारा कोटा निवासी ने थाने में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि महावीर कॉलोनी संगम चौक गया बिहार निवासी रोहित कुमार पिता अमरेन्द्र कुंमार कोटा के छात्रावास में रहकर बी. फार्मेसी के चतुर्थ सेमेस्टर में पढ़ाई कर रहा है। छात्र 6 मार्च को छात्रावास से अचानक गायब हो गया है। गुमइंसान का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने हाथ पैर मारना शुरू किया और परिसर के स्टाफ और दोस्तों से पूछताछ की गई। इस दौरान पुलिस ने क्लासमेट, छात्रावास के अन्य छात्र व छात्राओं के कॉल, बैक एकाउंट का डिटेल निकाला। सीसीटीवी फुटेज देखा गया, इस दौरान सूचना मिली कि वह दमोह, मथुरा, वृन्दावन जा सकता है, ऐसे में पुलिस की टीम ने वहां जाकर खोजबीन की। इस दौरान पुलिस लगातार तकनीकी साक्ष्य जोड़ रही थी तभी पता चला कि रोहित कुमार का नागपुर में है। तत्काल पुलिस की टीम रवाना हुई और 26 अप्रैल को नागपुर में रोहित को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में रोहित ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग में संलिप्त है और कई लोगों से उधारी लेकर गेम में पैसे लगाता चुका है। उसे डर था कि पिता को पता चलते ही दिक्कत हो सकती है, इसी डर की वजह से वह छात्रवास से भाग निकला था। बरामदगी के बाद रोहित को उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक नरेश चौहान, सउनि गोपाल खाण्डेकर, आरक्षक धर्मेंद्र साहू, अनिल साहू, जलेश्वर साहू, सायबर सेल आरक्षक प्रशांत राठौर का विशेष भूमिका रही।

## नाबालिग से छेडछाड़ आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से छेड़छाड मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय जय कुमार पटेल द्वारा 26 अप्रैल को सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिक बालिका के साथ छेड़छाड़ करने की नीयत से अशोभनीय हरकत की। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू की गई। थाना बलौदा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

रेलवे

### यात्री गाड़ियों का स्टापेज एक की जगह 2 से 5 के बीच अधिक, इन प्लेटफार्म पर तप रहे यात्री

# मालगाड़ियों को मिस्टिंग से दे रहे ठंडक, यात्री पसीना बहा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




रेल प्रशासन ने यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक पर मिस्टिंग मशीन तो शुरु कर दी है, जिसमें से निकलने वाला फौवारा खाली और कोयला लोडेड मालगाड़ियों को ठंडक पहुंचा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों के स्टापेज वाले प्लेटफार्म नम्बर 2 से 5 के बीच के यात्री दोपहर की भीषण गर्मी में तप रहे हैं, जिसकी सुविधा की ओर रेल प्रशासन के अफसरों का ध्यान नहीं जा रहा है।

एसईसीआर मुख्यालय का जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर है, जहां जोन के अनुसार यात्रियों को सुविधा दी जानी है। स्टेशन में यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने के लिए 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। इसमें दो नए प्लेटफार्म बनाने की ओर भी काम किया जा रहा है। इस कार्य के पूरा होने के उपरांत प्लेटफार्म की संख्या 10 हो जाएगी। प्लेटफार्म नम्बर एक से लेकर 4-5 तक में पहले मुम्बई की ओर से हावड़ा जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा उत्कल व अन्य यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। यात्रियों को भी प्लेटफार्म नम्बर एक पर टिकिट लेकर सीधे ट्रेन में सवार होने की सुविधा भी मिल जाती है। वर्तमान में प्लेटफार्म की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है। अब तो रेल प्रशासन ने हद की कर दी है, जो यात्रियों कों सुविधा देने के बजाय असुविधा देती जा रही है। प्लेटफार्म नम्बर एक पर रेल प्रशासन की ओर से आरपीएफ पोस्ट से लेकर वीआईपी गेट यानि 100 मीटर की दूरी तक मिस्टिंग मशीन के लिए पाइप बिछाई है। यह प्रतिवर्ष गर्मी के समय ही चालू की जाती है ताकि यात्रियों को मिस्टिंग से निकलने वाले फौव्वारे से राहत मिल सके। मशीन का फौव्वारा यात्रियों के बजाय केवल मालगाड़ियों को ठंडा करने का ही काम आ रहा है।

### केवल 10 ट्रेनों का स्टापेज

- सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार को 20808 हीराकुंड एक्सप्रेस का स्टापेज सुबह 4 से 4.15 बजे तक।
- प्रतिदिन रवाना होने वाली 58214 टिटलागढ़ एक्सप्रेस सुबह 6.50 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 58201 बिलासपुर-रायपुर लोकल सुबह 6.55 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 18478 उत्कल एक्सप्रेस सुबह 9 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस सुबह 9.40 बजे।
- सप्ताह में दो दिन गुरुवार, शुक्रवार को 12151 समरसता एक्सप्रेस 16.35 से 16.50 बजे तक।
- सप्ताह में एक दिन शनिवार को 12949 कविगुरु एक्सप्रेस 16.35 से 16.50 बजे तक।
- प्रतिदिन चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 18.50 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 12070 जनशताब्दी एक्सप्रेस 1935 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 21.50 बजे।

### यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म 2 से 5 तक

चार-पांच सालों से प्लेटफार्म नम्बर एक पर मालगाड़ियों के स्टापेज होने की वजह से हावड़ा से मुम्बई की ओर जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के अलावा लोकल व पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर 4 और 5 में दिया जा रहा है। इसी तरह मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली ज्यादातर ट्रेन प्लेटफार्म 2 और 3 में रूक रही है, जिसके कारण यात्री प्लेटफार्म नम्बर एक से टिकिट लेने के बाद 2 से 5 नम्बर प्लेटफार्म तक आना-जाना करते हैं। इन प्लेटफार्म पर ट्रेनों का स्टापेज होने से यात्रियों की भी अच्छी खासी भीड़ रहती है। दोपहर के बाद यह प्लेटफार्म वीरान हो जाता है, जहां केवल मालगाड़ियां ही दिखाई देती हैं।

### मैन्यूअल आपरेटिंग परिचालन

बिलासपुर रेल मंडल और सेक्शन में 250 से अधिक मालगाड़ियां और 100 से अधिक कोचिंग ट्रेनें हैं। इन सभी ट्रेनों का परिचालन मैन्यूअल आपरेंटिग के जरिए होता है। दो कोचिंग ट्रेनों की अपेक्षा मालगाड़ियों की संख्या अधिक है, इसलिए स्वभाविक है कि स्टेशन प्लेटफार्म पर मालगाड़ियां दिखाई देगी। वहीं मालगाड़ियों के कारण कोचिंग ट्रेन के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ता है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### बीट गार्ड सस्पेंड, डिप्टी रेंजर को सस्पेंड करने का भेजा गया प्रस्ताव

# भरी गर्मी में चला दी सैकड़ों पेड़ों पर कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ बचे हैं पेड़ों के सिर्फ ठूंठ



भीषण गर्मी में जहां पेड़ों की छांव के लिए लोग तरस रहे हैं। वहीं गर्मी के मौसम और बढ़ते तापमान के बावजूद गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जंगल में लगे सैकड़ों की संख्या में सागौन और अन्य प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। इसका खुलासा स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम के मौके पर पहुंचने और ठूंठ देखने के बाद हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ ने तत्काल बीट गार्ड को सस्पेंड कर दिया है। वहीं रेंजर और डिप्टी रेंजर को सस्पेंड करने का प्रस्ताव सीसीएफ के पास भेजा गया है।

अप्रैल माह में भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ते तापमान के कारण लोग पेड़ों की छांव की तलाश कर रहे हैं। वहीं लगातार जंगल के हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से सबसे अधिक परेशानी वन्यप्राणियों को हो रही है, जो पेड़ों की छांव और पानी नहीं मिलने के कारण गांव की ओर रूख कर रहे हैं। इसके कारण वन्यप्राणियों के शिकार की घटनाएं भी हो रही है। पेड़ों को काटने के बाद पौधे लगाने का काम तो नहीं हो रहा है, उल्टे लगे हुए हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला प्रतिदिन का हो गया है। इसी तरह का हाल बिलासपुर वन वृत्त के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जंगल की है, जहां वन माफिया और लकड़ी तस्करों ने सागौन, साल जैसे बेशकीमती पेडों की अंधाधुंध कटाई कर दी है। इसकी जानकारी रायपुर मुख्यालय में देने के बाद स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम जब मौके पर पहुंची तो जंगल के अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गई। जांच के दौरान जंगल के बीच बड़ी संख्या में पेड़ों के ठूंठ चारों ओद दिखाई दिए, जिससे आशंका व्यक्त की गई कि काफी समय से सुनियोजित ढंग से पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही थी।

### पीपरखूंटी बीट में 122 से ज्यादा ठूंठ

स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने सबसे पहले पीपरखूंटी बीट में पहुंचकर जांच की। यहां जंगल के अंदर सागौन व साल के 122 से अधिक ठूंठ पाए गए। टीम ने मौके पर मौजूद वन कर्मचारियों से एक-एक ठूंठ की गिनती कराई। पेड़ों की कटाई कितने समय से चल रही थी, इसका भी आंकलन किया गया। इसके बाद टीम ठाढ़ पथरा, आमानाला बीट पहुंची, जहां स्थिति और भी गंभीर दिखी। बाहर से घना दिखाई देने वाला जंगल अंदर से उजाड़ नजर आया। कई स्थानों पर बड़े पेड़ों को काटकर खाली जमीन छोड़ दी गई थी।

### इलेक्ट्रानिक आरा मशीन से कटाई

प्रारंभिक जांच के दौरान मामला सामने आया कि पेड़ों की कटाई के लिए आधुनिक इलेक्ट्रानिक आरा मशीन का उपयोग किया गया। इससे आशंका मजबूत हुई कि अवैध कटाई करने वाले गिरोह तकनीकी संसाधनों और मजबूत नेटवर्क के साथ काम कर रहे हैं। वन विभाग के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में लकड़ी की तस्करी एक दो दिन में संभव नहीं थी। माना जा रहा है कि वर्षो से इस तरह की गतिविधियां जंगल के अंदर संचालित की जा रही थी।

### विभागीय मिलीभगत की आशंका

इतने बड़े पैमाने पर जंगल साफ होने के बाद अब वन विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि तस्करों का विभाग के कुछ अफसरों व फील्ड स्टाफ से संबंध हो सकता है। इसकी अधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है, लेकिन जांच एजेंसी इसपर लगातार नजर रखी हुई है। दूसरी ओर जांच दल को ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जंगल में पेड़ों की कटाई के संबंध में सूचना अधिकारियों को दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके कारण लकड़ी तस्करों का दबदबा बढ़ गया।

### कर्मचारियों की भी गलती

कक्ष क्रमांक 2305 में पेड़ों की कटाई की गई। सूचना मिलने के बाद रायपुर से टीम जांच करने के लिए पहुंची, जिन्होंने साल, सागौन और मिश्रित पंजाति के ठूंठ देखे। इसके अलावा कुछ लकड़ी मौके पर मिली, जिसकी कीमत 2 लाख 60 हजार रुपए की थी। इस मामले में कर्मचारियों की भी गलती नजर आ रही है। पूरे मामले का प्रतिवेदन बनाकर भी भेजा गया है। वहीं बीट गार्ड दीपक सिदार को सस्पेंड करने के अलावा, रेंजर प्रबल दुबे, डिप्टी रेंजर देवकिशन रामरजक को सस्पेंड करने के लिए सीसीएफ को पत्र लिखा गया है।

**-ग्रीष्मी चांद**
डीएफओ, मरवाही

## चोरों के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, मेरठ से एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शहर के अलग-अलग रिहायशी इलाकों के अपार्टमेंट को निशाना बनाकर चोरी को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ने में बिलासपुर पुलिस ने सफलता पाई है। दिल्ली और मेरठ में रहकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके कब्जे से 35 ग्राम सोना भी जब्त किया गया है।



मामले के अनुसार पिछले साल 28 सितंबर को साकेत अपार्टमेंट के फ्लैट न. बी 15 में अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़ कर चोरी की थी, इस दौरान सोने के जेवर व रूबी को चोरों ने ले उठा था। इसी तरह अपार्टमेंट के फ्लैट न. बी 201 में भी सुने मकान में चोरी की गई और चोरों ने सोने व चांदी के जेवरात को पार कर दिया था। घटना के बाद भी चोरों के हौसले बुलंद रहे और उसी दिन मंगला चौक के रियल हैवन में घर का ताला कुंदा तोड़कर चोरी की और पड़ोसी के देखते ही 1 व्यक्ति को पेचकस, बाइक और अपना सामान छोड़ कर मौके से भाग खड़ा हुआ। लोगों ने मंगला चौक तक उसका पीछा किया लेकिन लोगों के हाथ नहीं लग सका। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और मौके पर डॉग स्कॉट, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से जानकारी जुटाई गई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी भागता दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपी का फोटो लेकर अन्य प्रदेशों की पुलिस ने जानकारी जुटाई जिसमें पता चला कि आरोपी दिल्ली मेरठ का रहने वाला ताज मोहम्मद व वसीम मोहम्मद है। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ मेरठ, दिल्ली में ही 47 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को पता चला कि आरोपी ताज मोहम्मद व वसीम मोहम्मद शातिर चोर हैं और मौके से बड़ी ही सफाई से निकलने में महारत हासिल है। आरोपी की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद बिलासपुर पुलिस ने 2 बार संभावित ठिकानों में छापा मारा लेकिन उस समय दिल्ली पुलिस द्वारा चोरी के पुराने मामले में वसीम मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया, वह अभी भी दिल्ली मोहम्मद सतर्क हो गया और पहचान छुपाकर रहने लगा। बिलासपुर पुलिस की टीम ने 20 दिन तक दिल्ली मेरठ व अन्य संभावित स्थानो पर कैम्प कर पतासाजी कर रही रही, ताज मोहम्मद अपना मोबाइल बंद कर चुका था तथा घर भी नहीं जा रहा था। पुलिस ने घर के लोगों व दोस्तों के मोबाइल नंबरों और बैंकिग व फोन पे की तकनीकी जांच की और ताज मोहम्मद को 24 अप्रैल को धरदबोचा गया।

### वसीम के साथ करता है चोरी

पुलिस के ताज मोहम्मद से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि शहर के कई इलाकों में अपने साथी वसीम के साथ चोरी को अंजाम देता था। इस दौरान सोने एवं चांदी के जेवर को स्वयं ही गलाता था।वह सोना गलाने के लिए अपने पास चिमनी भी रखता था। ताज मोहम्मद की निशानदेही पर कुल 35.34 ग्राम गला हुआ सोना व चिमनी बरामद कर लिया गया है।

## सड़क हादसे में ऑटो सवार महिला की मौत, पति और चालक गंभीर



मृतका।

**बिलासपुर।** तोरवा थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां उजड़ गईं। तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, हादसा इतना जबरदस्त था कि महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका पति और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा लालखदान ओवरब्रिज पर सुबह करीब 5:30 बजे हुए इस हादसे को देख हर किसी का दिल पसीज गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम धनगवां निवासी रणजीत डहरिया अपनी पत्नी बिरस बाई डहरिया के साथ गुजरात से रोजी-रोटी कमाकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। दोनों रविवार-सोमवार की रात ट्रेन से बिलासपुर पहुंचे और रेलवे स्टेशन से सुबह करीब 5 बजे घर जाने के लिए ऑटो क्रमांक सीजी 10 एजी 7221 किराए पर लिया। ऑटो लालखदान ओवरब्रिज पहुंचा ही था कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार क्रमांक सीजी 04 बीए 3294 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बिरस बाई डहरिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनके पति रणजीत डहरिया की हालत गंभीर बनी हुई है। ऑटो चालक को गंभीर चोट आई है, हादसे में उसका पैर टूट गया है। घटना की सूचना मिलते ही तोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



### अक्सर होता है हादसा

लालखदान हादसों को लेकर ब्लैक पांइट है जहां अक्सर सड़क हादसा होता है। कुछ दिन पहले भी कार पलटने से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। यही कारण की कोई न कोई मौत के घाट उतर जाता है या फिर गंभीर रूप से घायल हो जाता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सड़क को लेकर उदासीन है, कई बार रात के समय यहां बिजल ी बंद होने के कारण हादसा होने का खतरा बना रहता है।

## तीन सड़क हादसे में गई चार जानें, तीन की हालत गंभीर

### खड़े ट्रक में जा घुसी कार, दो की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा




खड़ी ट्रक के पीछे घुसी कार।

अकलतरा क्षेत्र में रविवार रात एवं सोमवार सुबह तीन अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना नेशनल हाईवे 49 की है, जहां सेन्ट्रल के दो कर्मचारी पंकज कुमार सिंह उम्र 51 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश एवं नितिन भास्कर उम्र 33 वर्ष निवासी महाराष्ट्र किसी कार्य से जांजगीर आए हुए थे एवं वे देर रात कार में सवार होकर रायपुर की ओर जा रहे थे। उनकी कार सरोज फ्यूल्स के पास पहुंची ही थी कि रास्ते में कोयला भरे ब्रेकडाउन होकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही सामने बैठे पंकज कुमार सिंह एवं नितिन भास्कर की मौत हो गई। वे गाड़ी में बुरी तरह से फंसे हुए थे। बड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को कार से निकाला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा भेजा गया। दूसरी घटना ग्राम बरगवां की है, जहां के शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर सड़क किनारे बैठे छत्रपाल धीवर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बरगवां को पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी गाड़ी के चपेट में ले लिया। साथ ही थोड़ी दूर पर स्कूटी सवार व्यक्ति को भी टक्कर मार दी। ग्राम वासियों के द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गय, जहां से छत्रपाल धीवर एवं एक अन्य व्यक्ति को बिलासपुर के लिए रेफर किया गया। बिलासपुर में इलाज के दौरान छत्रपाल धीवर की मौत हो गई। तीसरी घटना भी रविवार एवं सोमवार के दरमियानी रात की है, जिसमें एक एंबुलेंस मरीज को बिलासपुर में छोड़कर वापस आ रही थी। यह एंबुलेंस नेशनल हाईवे में अर्जुनी के पास पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से आ रही तीन सवारी मोटरसाइकिल एंबुलेंस से आमने-सामने टकरा गई। घटना में प्रदीप निर्मलकर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नरियरा की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल में सवार अन्य युवक भागबली निर्मलकर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम ओखर, पचपेड़ी एवं लक्ष्मी नारायण उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम रसेड़ा घायल हो गए।

## पिकअप पलटा, 15 घायल, 1 की मौत



मृतक।

**बिलासपुर।** उमरिया दादर से बारात में शामिल होने आए बाराती लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। पिकअप पलटने की वजह से 1 व्यक्ति की मौत हो गई वहीं 15 अन्य घायल हो गए हैं, जिनका इलाज सिम्स में चल रहा है, इनमें 2 लोगों की हालत नाजुक है।

मिली जानकारी के अनुसार उमरिया दादर से करीब 15 से 20 लोग बारात में शामिल होने सीपत पहुंचे थे। रविवार को वापसी के दौरान लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण सीपत थाना क्षेत्र के पास पिकअप पलट गया। इस दौरान रामजी सिंह पिता हृदय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य 15 लोगों को इलाज के लिए सिम्स भर्ती कराया गया। घायलों में रघुनंदन, कांन्हा, सुमिल सिंह मरकाम, दुर्गेश सिंह, कुलदीप कुमार, भगवान सिंह, राधेश्याम, अनुभुत, प्रमोद आर्यन, देवी गेंदले, साजन डहरिया, लक्की, पप्पू डहरिया शामिल हैं।

## सीसीटीवी से मिला सुराग, बाइक चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ पानी पाउच लेने के बहाने पार किया था बाइक

लिफ्ट लेकर पानी पाउच मंगाने के बहाने युवक की बाइक पार करने वाले आरोपी को मस्तुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मुलमुला जांजगीर का रहने वाला भारत लाल केंवट अपने ससुराल वेदपरसदा आया था। वही किसी काम से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 बीएच 4552 से गांव जा रहा था। अज्ञात व्यक्ति ने रास्ते में उससे लिफ्ट मांगा और और मल्हार चौकी के बुढ़खिार पहुंचा। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने भारत लाल को पानी पाउच लाने के लिए भेज दिया, मौका पाकर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक को पार कर दिया। प्रार्थी भरत ने इसकी शिकायत मल्हार चौकी में दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास के लगे सीसी कैमरे को जांचा और आरोपी के फोटोग्राफ के माध्यम से अलग-अलग गांव के लोगों को फोटो दिखाकर पहचान कराया। इस दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर जानकारी मिली।

मुखबिर ने बताया कि गिद्धपुरी के निवासी नवरोत्म दास वैष्णव पिता खोलू दास उक्त बाइक को अपने घर के कमरे में कपड़े से ढक कर छुप रखा है। पुलिस ने दबिश दी और आरोपी नरोत्तम दास से बाइक बरामद कर लिया है।

# एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं का उत्पादन लक्ष्य किया गया कम

## बीते वित्तीय वर्ष में उत्पादन लक्ष्य को नहीं किया गया था हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बीते वित्तीय वर्ष ने एसईसीएल ने मेगा परियोजनाओं में दमखम लगाने के बाद भी अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब नहीं हो पायी जिसके चलते नए वित्तीय वर्ष के लिए उत्पादन लक्ष्य को कम कर दिया गया है। अब देखना होगा कि मेगा परियोजनाएं अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर पाती है कि नहीं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 में एसईसीएल को 212 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट मिला था। इस टारगेट में से 161.87 मिलियन टन कोयला उत्पादन कोरबा की खदानों से किया जाना था। जिसमें गेवरा एरिया को सर्वाधिक 63, कुसमुंडा को 50, दीपका को 40 और कोरबा एरिया को 8.87 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला था। लक्ष्य को हासिल करने में उक्त चारों परियोजनाएं सफल नहीं रही है। गेवरा एरिया ने 55.8, दीपका ने 37.5, कुसमुंडा ने 32.7 और कोरबा एरिया ने 7.4 मिलियन टन कोल प्रोडक्शन किया है। जिले को मिले लक्ष्य 161.87 में से खदानों ने 133.4 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो लक्ष्य से 28.47 मिलियन टन कम था। इस चालू वित्तीय वर्ष में एसईसीएल के मेगा परियोजनाओं के उत्पादन लक्ष्य को कम किया गया है। ताकि उसे हासिल किया जा सके। बताया जाता है कि दीपका को पूर्व वित्तीय वर्ष में 40 मिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य दिया गया था जिसे पुनः यथावत किया गया है। जबकि कुसमुंडा खदान को 50 मिलियन टन से कम कर 34 मिलियन टन किया गया है। जबकि गेवरा खदान को 63 मिलियन टन से घटाकर 55 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य दिया गया है। अब एसईसीएल प्रबंधन का प्रयास होगा कि चालू वित्तीय वर्ष में इस लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

**खास बात**

- 161.87 मिलियन टन का उत्पादन किया जाना था जिले की कोयला खदानों से



## खबर संक्षेप



### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से एक सार्थक एवं जनहितकारी पहल के रूप में संपन्न हुआ। जिले के शहरी तथा दूरस्थ अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और अपनी विभिन्न समस्याएं व मांगें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रत्येक आवेदक से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुना तथा संबंधित विभागों को प्रकरणों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। आज के जनदर्शन में कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। ग्राम कोथारी के विजेन्द्र पाटले ने सूदखोरी के आरोपियों पर कार्यवाही नहीं होने तथा उरगा पुलिस की कार्यशैली के संबंध में शिकायत की। ग्राम रौनाढाप के बंशीलाल ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। नीलम सोनी, श्रीया स्व-सहायता समूह ने गढ़कलेवा कटघोरा में टेंट की जगह स्थायी शेड निर्माण की मांग रखी। ग्राम पंचायत सतरेंगा की सरपंच बंधन बाई ने पहाड़ी कोरबा बस्ती छातासरई से खोखराआमा तक सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर शिकायत की। ग्राम बांधाखार की सुनंदा पटेल ने फसल सर्वेक्षण कार्य में लंबित भुगतान राशि दिलाने की मांग की।

### समाधान योजना : 24 हजार 986 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन




कोरबा। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर लागू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 जिले में आशा की किरण बनकर उभरी है। वर्षों से लंबित बिजली बिलों का बोझ ढो रहे उपभोक्ताओं के लिए यह योजना आर्थिक राहत के साथ-साथ मानसिक सुकून भी प्रदान कर रही है। इस योजना का सबसे प्रभावशाली असर तीन आम परिवारों-रूपा बाई, कुमार साय और संतोष यादव के जीवन में साफ दिखाई देता है। दीपका वितरण केंद्र की बीपीएल उपभोक्ता रूपा बाई पर 62 हजार 906 का बकाया था जो उनके लिए लगातार बढ़ती चिंता का विषय बन चुका था। समाधान योजना ने उनके जीवन में नए सवेरे की तरह प्रवेश किया। योजना के अंतर्गत उन्हें 32 हजार 200 रुपए की बड़ी छूट मिली। बाकी 35 हजार 706 रुपए का भुगतान कर उन्होंने वर्षों का बकाया समाप्त कर लिया। अब वे निश्चिंत हैं और नियमित भुगतान के लिए प्रेरित भी। नकटीखार, भैसमा क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता कुमार साय की स्थिति भी कुछ ऐसी ही थी। 1 लाख 1 हजार 315 रुपए का बकाया उनके परिवार के लिए भारी चुनौती बन चुका था। समाधान योजना के तहत उन्हें 40 हजार 265 रुपए की राहत मिली। उन्होंने शेष 61 हजार 49 का भुगतान कर अपना बिजली कनेक्शन नियमित कराया। वे बताते हैं कि यदि यह योजना न आती, तो बकाया चुकाना लगभग असंभव था। छुरी निवासी संतोष यादव भी इस योजना के एक महत्वपूर्ण लाभार्थी हैं। उन पर 10 हजार 413 रुपए का बकाया था। पंजीयन के बाद उन्हें योजना के प्रावधानों के अनुसार शत-प्रतिशत छूट प्राप्त हुई और उनका पूरा बकाया समाप्त हो गया। उनके अनुसार, यह योजना सामान्य परिवारों को वास्तविक सहायता पहुंचाने का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## निधन

### रविंद्रनाथ पाल



**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर निवासी तापस कुमार पाल के पिता रवींद्रनाथ पाल (91 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### उदय नारायण जायसवाल



**गेवरा-दीपका।** हरदीबाजार, मलगांव और दीपका क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जायसवाल समाज के पुरोधा उदय नारायण जायसवाल का सोमवार को बिलासपुर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे पत्नी, चार पुत्रों सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को दीपका स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## वर्तमान में कुल सीटों के 25 प्रतिशत सीटों में ही मिल रहा है प्रवेश

# अगले शिक्षण सत्र से बढ़ सकती है आरटीई की सीटें


फाइल फोटो

**300 स्कूलों में ही प्रवेश**

निःशुल्क शिक्षा के तहत जिले में स्कूलों की संख्या भी कम हुई है। कुल 300 स्कूल ऐसे हैं जिसमें प्रवेश दिया जाएगा। जबकि पिछले वर्ष नर्सरी स्कूलों के शामिल होने के कारण 300 से अधिक पहुंच गई थी। सीटों की संख्या बढ़ने से स्कूलों की संख्या भी बढ़ेगी।

**खास बातें**

- शिक्षण सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया हो चुकी है शुरू

**चल रही है प्रवेश की प्रक्रिया**

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत रिक्त सीटों में प्रवेश की प्रक्रिया पहली लाटरी निकलने के बाद शुरू हो गई है। सीटों की संख्या अगले वर्ष से ही बढ़ सकती है। हालांकि इसकी अभी अधिकृत जानकारी विभाग के पास नहीं पहुची है।
-टीपी उपाध्याय, डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर अमल होने के साथ अगले शिक्षण सत्र से सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है। वर्तमान में कुल सीटों के 25 प्रतिशत सीटों में ही प्रवेश दिया जा रहा है। नए शिक्षण सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया दस्तावेज के सत्यापन के साथ एक मई से शुरू हो जाएगी।

निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश देने के प्रावधानों में इस वर्ष से नर्सरी कक्षा को बाहर किए जाने के बाद सीटों की संख्या में कमी हो जाने से जरूरतमंद सैकड़ों छात्र प्रवेश से वंचित हो रहे हैं। प्रदेश भर में हजारों की संख्या में सीटें कम होने के कारण गरीब छात्रों के निःशुल्क शिक्षा से वंचित होने की स्थिति को देखते हुए आरटीई के तहत दी जाने वाली सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी की तैयारी चल रही है। वर्तमान में 25 प्रतिशत सीटों में प्रवेश दिया जाता है। जिसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक करने की तैयारी चल रही है। संभवतः अगले शिक्षण सत्र इस व्यवस्था को लागू किया जा सकता है। शिक्षा सत्र 2026-27 में आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया लाटरी के माध्यम से तीन चरणों में की जाएगी। पहले चरण की लाटरी निकलने के बाद जिले में रिक्त 777 सीटों में 557 सीटों में प्रवेश की सूची जारी हुई है। इसकी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दूसरी व तीसरी लाटरी निकाली जाएगी। जिले में बीते वर्ष प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या 1200 से अधिक थी। इस वर्ष से यह संख्या 777 के करीब रहेगी। नर्सरी स्कूलों को दायरे से बाहर किए जाने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने करवाए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलेवासियों ने दिव्य और दुर्लभ श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शिवलिंग के दर्शन किया। घंटाघर में शिवलिंग दर्शन के साथ आर्ट ऑफ़ लिविंग की ओर से विशेष भजन मंडली द्वारा भजन किया गया। सोमनाथ ज्योर्तिलिंग की विशेष पूजा अर्चना के बाद महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग कतारें बनाकर शिवलिंग के समीप जाकर उसके दर्शन का मौका लोगों को दिया गया था।

ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार प्राचीन काल में गुजरात के सौराष्ट्र स्थित सोमनाथ मंदिर में विदेशी आक्रमणकारी मोहम्मद गजनवी ने लूटपाट करके इस मंदिर को 18 बार लूटा था। अंत में दिव्य शिवलिंग को खंडित कर दिया गया था। यह पहला ज्योतिर्लिंग माना जाता है ये पवित्र शिवलिंग लंबे समय तक अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने सुरक्षित रखा। वर्ष 1924 में कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य के निर्देश पर अब 100 साल पूरे होने पर श्रद्धास्वरूप श्री श्री रविशंकर महाराज को सौंप दिया गया। देशभर में इस दिव्य शिवलिंग के दर्शन के लिए आध्यात्मिक आयोजनों की श्रृंखला चल रही है। जिले समेत छत्तीसगढ़ में इस दिव्य ज्योतिर्लिंग का दर्शन प्रमुख शहरों में 30 अप्रैल तक लोग कर पाएंगे। शहर में यह आयोजन शुक्रवार को घंटाघर ओपन थियेटर शाम 6 से रात 9 बजे तक आयोजित किया गया। आर्ट लिविंग परिवार सहित कोरबा और आसपास के श्रद्धालुओं ने भी इस दिव्य अवसर का लाभ उठाया। इस दौरान स्वामी प्रणवानंद महाराज के सानिध्य में 40 मिनट का रुद्राभिषेक किया। जिन्हें देश भर में इस दिव्य शिवलिंग को भ्रमण करवाने की जिम्मेदारी श्री श्री रविशंकर ने सौंपी है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, मेदनी मिश्रा, श्यामलाल अग्रवाल, अशोक तिवारी, अमित चौबे, अशोक देशमुख, महावीर अग्रवाल, अनीता चाको, सत्यप्रकाश गुप्ता, मनोज सराफ, अंकित अग्रवाल, चेतन राठौर, कमलेश यादव, अशोक मोदी, राजा मोदी सहित आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

**दिव्य शिवलिंग की खासियत**

वैज्ञानिकों ने यह पाया है कि शिवलिंग में जो चुंबकीय धातु है, उसमें अलौकिक गुण हैं। यह धातु पृथ्वी पर कहीं नहीं मिलती। वैज्ञानिकों निभा कि यह चुंबकीय शिवलिंग पृथ्वी के बाहर से यहां आई है। शिवलिंग के बारे में यह मान्यता है कि भगवान चंद्रमा ने श्राप से मुक्त होने के लिए सोमनाथ मंदिर की स्थापना की थी, इस शिवलिंग के बारे में भी मान्यता है कि इसने चुंबकीय गुण के कारण कभी जमीन को स्पर्श नहीं किया, यह हवा में तैरता था। यह शिवलिंग जब तक यह सोमनाथ मंदिर में पुनर्स्थापित नहीं हो जाता, तब तक हम देश भर में सनातन धर्म की जागृति के लिए लोगों को यह अवसर दिया गया है ताकि सभी लोग इस दिव्य शिवलिंग के दर्शन कर सकें।

# वरिष्ठ पत्रकारों की स्मृति में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रक्तदान करते हुए।

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा तिलक भवन में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार स्व विजय सिंह और स्व रमेश पासवान की पावन स्मृति में किया गया। जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शिविर का उठाया लाभ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारों की स्मृति में इस तरह का सेवा कार्य समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। साथ ही स्व. विजय सिंह व स्व. रमेश पासवान के पुराने दिनों के कार्यो को याद किया। इसी तरह सीएमएचओ डॉ. केसरी ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब कई वर्षो से जन सरोकार के तहत रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करता आ रहा है। शिविर में जिला मेडिकल अस्पताल के चिकित्सक जिनमें डॉ. नितिन तोषनीवाल, डॉ. प्रितेश मसीह, डॉ. लिजो टी. जॉन, डॉ. ईशान का योगदान रहा है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. एसएन केसरी, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी, चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, अंजना सिंह, दीपक सिंह, डॉ. प्रिंस जैन, श्रीमती मीना सिंह, अनिल सिंह, सुनील सिंह, रामप्रसाद पासवान, अनुप पासवान शामिल हुए। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार, संतोष सिंह, कुमारी उमा कर्ष, रोहित कश्यप, सूरज सिदार का योगदान रहा।

# स्कूल के समर कैंप में दिखा बच्चों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए वार्षिक ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया है। 40 दिनों तक चलने वाले इस विशेष शिविर में बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। समर कैंप के शुरू होते ही बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आज के समय में बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त गतिविधियों का ज्ञान भी बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य से 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अन्य स्कूलों के बच्चे भी भाग ले सकते हैं। यह पहल बच्चों को छुट्टियों के समय का सदुपयोग करने और नई चीजें सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। शिविर के दौरान बच्चों के लिए पेंटिंग, ड्राइंग और क्राफ्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनकी कल्पनाशीलता को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं एरोबिक्स और फिटनेस गतिविधियों से बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देते हुए इंग्लिश स्पीकिंग और बेसिक ग्रामर की कक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं, ताकि बच्चे आत्मविश्वास के साथ संवाद करना सीख सकें। डिजिटल युग को देखते हुए बच्चों के लिए कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी भी शिविर का अहम हिस्सा बनाई गई है। कंप्यूटर कक्षाओं में बच्चों को टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल स्किल्स की प्रारंभिक समझ दी जा रही है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस तरह के शिविर बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन कौशल सिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद लाभदायक हैं।

# टीम गठित कर होटल-लॉज व ढाबों में चलाया जा रहा चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




जांच पड़ताल करते पुलिस की टीम।

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई है, जिसमें एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह और प्रधान आरक्षक निलेन्द्र सिंह सक्रिय रूप से शामिल हैं। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के होटल, लॉज और ढाबों में लगातार सघन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी होटल, लॉज और ढाबा संचालक बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश न दें। इसके साथ ही परिसर में शराबखोरी, संदिग्ध गतिविधियों या अन्य गैरकानूनी कार्यों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## हेल्थ प्लस

### एनकेएच हॉस्पिटल में उन्नत लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सेवाएं और सशक्त

**कोरबा।** जिले में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में न्यू कोरबा हॉस्पिटल लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। पिछले 11 वर्षों से अस्पताल में सफलतापूर्वक दूरबीन पद्धति (लेप्रोस्कोपिक) सर्जरी की सेवाएं दी जा रही हैं, जिससे हजारों मरीजों को कम दर्द, तेज रिकवरी और सुरक्षित इलाज का लाभ मिला है। अब इन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करते हुए अस्पताल प्रबंधन ने महत्वपूर्ण पहल की है। अस्पताल में अब वरिष्ठ जनरल सर्जन डॉ. एस. पालीवाल के मार्गदर्शन में उन्नत सर्जिकल सेवाएं और मजबूत हुई हैं। वहीं फुल-टाइम लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. देबंगन पॉल चौधरी की नियमित सेवाएं भी मरीजों को मिलने लगी हैं। दोनों विशेषज्ञों के अनुभव और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अब जटिल से जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही है। अस्पताल में नवीनतम मशीनरी और मॉडर्न ऑपरेशन थिएटर की सुविधा उपलब्ध है, जिससे उपचार की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा दोनों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। चिकित्सकों ने बताया कि लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में छोटे-छोटे चीरे के माध्यम से ऑपरेशन किया जाता है, जिससे पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कम दर्द, कम ब्लीडिंग और संक्रमण का खतरा कम रहता है। मरीज जल्दी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकता है। यह तकनीक गॉलब्लैडर, अपेंडिक्स, हर्निया, किडनी स्टोन (पथरी) सहित कई प्रकार की सर्जरी में बेहद प्रभावी साबित हो रही है। एनकेएच हॉस्पिटल में वर्तमान में 100 बेड की सुविधा, 24×7 इमरजेंसी एवं सर्जरी सेवाएं, अनुभवी मेडिकल स्टाफ और आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध हैं। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य कोरबा एवं आसपास के ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों के मरीजों को महानगरों जैसी उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि एनकेएच हॉस्पिटल किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद चिकित्सा सेवाएं देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फुल-टाइम विशेषज्ञों और आधुनिक तकनीकों के जुड़ने से अब क्षेत्र के मरीजों को अपने ही शहर में बेहतर इलाज मिल सकेगा। यह पहल जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार करतला
जिला कोरबा (छ०ग०)
।। सूचना पत्र ।।
करतला, दिनांकः-06/04/2026
क्रमांक /611/ तह०/वाचक/2026
प्रति,
1) दुलारी बाई पिता मानसिंह
2) घसनीन पिता शोभाराम
3) चमरिन पिता शोभराम
4) ननकी पिता शोभराम ग्राम-बंधापाली
तहसील करतला, जिला-कोरबा (छ०ग०)
विषय :- उपस्थित होने बाबत।
उपरोक्तानुसार विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा०प्र०क०...............अ-6 अ 2025-26 में आवेदकगण तिहारू लाल पिता मोहरसाय उम्र 49 जाति-सतनामी 9 अन्य, कास्तकारी ग्राम बांधापाली तहसील करतला जिला-कोरबा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम-बांधापाली, प०ह०नं० 31 रा०नि०मं० नोनबिर्रा, तहसील करतला स्थित भूमि खसरा नंबर 460/2, 480/2 रकबा नंबर 0.910, 0.227 हे0 भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वादग्रस्त भूमि के संबध में मेरे द्वारा किसान पंजीयन के संबध में कुछ दिन पूर्व लोक सेवा केन्द्र करतला में बी-1 खसरा निकलवाने गया तो मुझे पता चला की ख.न. 460/2 रकबा 0.910 हे० भूमि अनावेदकगण जनकराम, सुदर्शन, दुलारी, शिवमोती, सभी पिता मान सिंह एवं घसनीन, चमरीन, ननकी सभी पिता शोभाराम के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त खसरे रकबे की भूमि को मेरे या अन्य सहखातेदारों व मेरे पूर्वजो के द्वारा किसी प्रकार से विक्रय नहीं किया गया है। एवं खसरा नबंर 480/2 रकबा 0.227 हे0 भूमि त्रुटिवश किसी भी व्यक्ति के नाम पर नही दिखा रहा है। उक्त खसरे रकबे की भूमि आवेदकगण ककी पैतृक संपति है, जो पूर्व में आवेदकगण के सामिलात खाते में दर्ज है। उपरोक्त खसरे रकबे की भूमि को वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदकगण तहारू, गुरूवारू लाल, सुकमत, विन्दा, सभी पिता मोहरसाय छीता बाई बेवा मोहरसाय व देवसिंह, बुटिसिंह, चरण सिंह, फूलबाई, सभी पिता समारू एवं गजिया लाल पिता नोहरसाय का नाम राजस्व अभिलेख में दुरूस्त कराने बाबत छ०ग०भू०रा० संहिता 1959 की धारा 115 के तहत मय दस्तावेज के साथ आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमे सुनवाई हतु पेशी तारीख 20/04/2026 दिन सोमवार को नियत है।
अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई की तारीक 06/05/2026 को दिन के 10:30 बजे होगी। नियत समयावधि को उपस्थित नही होने पर आपके विरुध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 06/04/2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
करतला, जिला कोरबा (छ०ग०)



## खबर संक्षेप

### पूर्व के आवेदनों का अब तक नहीं हुआ निराकरण : राठौर



**कोरबा।** प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा 1 मई से 10 जून तक दूसरी बार सुशासन तिहार मनाने की योजना पर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने प्रदेश की भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया है। श्री राठौर ने कहा है कि पिछले साल 2025 के मई महीने में लिए गए हजारों आवेदनों का आज तक निराकरण नहीं किया जा सका है।
गत वर्ष निगम के सभी 67 वार्डों में सुशासन तिहार के तहत शिविर लगाकर बड़ी संख्या में आवेदन लिए गये थे और तत्काल निराकरण का भरोसा दिलाया गया था। वार्ड के समस्याग्रस्त नागरिकों ने भी इस योजना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने समस्या के त्वरित निराकरण के लिए आग्रह पत्र जमा किया था, बदले में उन्हें पावती दिया गया था जिसमें क्यू आर कोड प्रिंट हैं। इसी क्यू आर कोड के माध्यम से आपके आवेदन की कार्य स्थिति का पता चलना है। आज तक इस कोड के माध्यम से बस यही पता चलता है कि आपके कार्य प्रगति पर है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि चूंकि मैं पार्षद भी हूं, मैंने आपने वार्ड के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए बीते वर्ष कुल 9 आवेदन लगाया था वहीं पूर्व पार्षद श्रीमती सुनीता राठौर ने एक, वार्ड निवासी कुंज बिहारी साहु एक, बसंत देवांगन ने दो, दिनेश पाण्डेय दो, धरम साहु एक, समीर खुंटे एक, रघुनाथ प्रसाद राठौर एक, कन्हैया राठौर एक, आर डी नायक दो, शशिपाली पटेल एक एवं शिवा राठौर ने एक आवेदन जमा किए थे। कुल 23 आवेदनों में से मात्र 3 कार्यों का निराकरण संभव हो सका है। शेष 20 कार्यों का अता पता नहीं है लेकिन क्यू आर कोड के माध्यम से पता चलता है कि कार्य प्रगति पर है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर उमड़ा आक्रोश




**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में नारी शक्ति आक्रोश सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्मेलन में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार के नेतृत्व में कोरबा की मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुई और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर अपना आक्रोश प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब नारी किसी भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीना शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री ज्योति वर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री संतोषी दीवान, महिला मोर्चा जिला महामंत्री स्वाति कश्यप की गरिमामय उपस्थिति रही। मंच संचालन महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्पकला साहू द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। सम्मेलन में महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला मंत्री प्रीति चौहान, कार्यालय सह प्रभारी केया सेन गुप्ता, धनवाई निर्मलकर एवं भाजपा मंडल महामंत्री बांकीमोंगरा अनीता राजपूत की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में जिला मंत्री श्रीमती चंचला राठौर ने आभार व्यक्त किया।

### गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम के तहत युवाओं द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के सम्बन्ध में बजरंग चौक दीपका से दीपका तहसील पहुंचकर तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर गौमाता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु पहले चरण का पहल किया गया।

# गन्ना रस, जूस सेंटर और गुपचुप दुकान की जांच करने पहुंची प्रशासन की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट की हो रही जांच

**खास बातें**
- सही दवा शुद्ध आहार की थीम पर शुरु हुआ अभियान
- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में पहुंचेगी टीम



अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले में सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के तहत 27 अप्रैल से 11 मई तक पन्द्रह दिवसीय सघन जांच अभियान की शुरुआत हो गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक युक्त दवाओं और खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

अभियान के अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फल और सब्जी दुकानों, चाय एवं गुपचुप विक्रेताओं, गन्ना रस एवं जूस सेंटर्स, सॉफ्ट ड्रिंक्स विक्रेताओं तथा डेयरी उत्पाद निर्माताओं एवं विक्रेताओं की सख्त जांच की जा रही है, ताकि खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का प्रभावी पालन सुनिश्चित हो सके। अभियान के प्रथम दिन गुपचुप, चाट, जूस तथा गन्ना रस विक्रेताओं की सघन जांच की गई और सभी विक्रेताओं को खाद्य सामग्री में स्वच्छता बनाए रखने, निषिद्ध खाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने तथा केवल खाद्य-ग्रेड बर्फ का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। औषधि प्रकोष्ठ के अंतर्गत सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि निरीक्षक तथा पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। अभियान के पहले चरण में कोरबा ब्लॉक के प्रसाधन सामग्री के थोक एवं चिल्हर विक्रेताओं की जांच की गई, जिसमें प्रसाधन सामग्री नियमों के तहत उत्पादों के उचित संधारण के निर्देश दिए गए। साथ ही कॉस्मेटिक उत्पादों की एक्सपायरी तिथि की जांच कर ही विक्रय करने तथा सभी उत्पाद वैध बिल के साथ क्रय कर उनके अभिलेख संधारित करने के निर्देश भी दिए गए। यह अभियान 6 चरणों में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रसाधन सामग्री विक्रेताओं, थोक एवं खुदरा दवा विक्रेताओं तथा वैक्सीन संधारण करने वाले शासकीय एवं निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही कोटपा के तहत चालानी कार्यवाही, नशीली औषधियों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु मेडिकल स्टोर्स की जांच तथा जनजागरूकता गतिविधियाँ भी संचालित की जाएंगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा है कि यह अभियान जनस्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभियान के दौरान दीपक ट्रेडर्स रानी रोड, वृंदावन एजेंसी, कन्हैया एजेंसी दर्री रोड, खूबसूरत कॉस्मेटिक शॉप, श्रुति श्रृंगार, ज़ी महासेल निहारिका, इंडिया सेल निहारिका रोड, संजरी बैंगल्स मेन रोड तथा मोहन्नम एजेंसी टीपी नगर सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों में भी जांच की गई।

## उद्योग मंत्री व महापौर ने नवनिर्मित भवन किया लोकार्पण

# बंग समाज को मिली सर्वसुविधायुक्त भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




भवन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

कोरबा बंग समाज के नागरिकों को अपने सामाजिक कार्यक्रमों व आयोजनों हेतु एक सर्वसुविधायुक्त भवन की सौगात प्राप्त हो चुकी है। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में उक्त भवन का लोकार्पण किया गया तथा भवन की चाबी समाज के पदाधिकारियों को सौपी गई।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा कोरबा में रह रहे बंग समाज के नागरिकों की मांग पर उनके अपने भवन के निर्माण हेतु 20 लाख रूपये की स्वीकृति कराई गई थी, नगर पालिक निगम द्वारा वार्ड क्र. 28 अंतर्गत मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के पीछे उक्त भवन का निर्माण कराया गया है, आज उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने समाज के लोगों की उपस्थिति में उक्त भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक वर्ष पूर्व आयोजित बंग समाज के कार्यक्रम में मेरे उपस्थित होने के दौरान इस भवन की मांग समाज के द्वारा की गई थी, मुझे खुशी है कि आज यह भवन बनकर तैयार हो चुका है और साथ ही समाज की सेवा में समर्पित भी किया जा चुका है। उन्होने कहा कि अभी तक कोरबा में रह रहे लगभग 55 समाजों को उनके अपने भवन की सौगातें प्राप्त हो चुकी हैं तो वहीं लगभग 15 भवनों की स्वीकृति अभी दी गई है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव तथा स्वयं मेरी यह मंशा है कि सभी समाज के अपने स्वयं के भवन हों, जहां पर वे अपनी सामाजिक गतिविधियों कार्यक्रमों का आयोजन कर सकें तथा उन्हे अपने सामाजिक आयोजनों हेतु यहां-वहां न भटकना पडे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आगे आपकी जो भी आवश्यकताएं होंगी, वह अवश्य पूरी की जाएंगी। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने समाज के पदाधिकारियों के आग्रह पर उक्त भवन में 4 नग ए.सी. लगवाएं जाने की घोषणा भी की।

### बहुत पुरानी मांग पूरी हुई

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा के बंग समाज के नागरिकबंधुओं की एक पुरानी मांग आज पूरी हुई है, उन्हें अपना भवन मिल चुका है, जिसके लिए मैं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को धन्यवाद देती हूं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन अपने सहज, सरल, स्वभाव के लिये जाने जाते हैं तथा वे जो भी कहते हैं, उसे शीघ्र पूरा भी कराते हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के लगातार मार्गदर्शन में नगर निगम क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, शहर व्यवस्थित हो रहा है, शहर की समस्याएं दूर हो रही हैं। उन्होने समाज के लोगों को भवन प्राप्त होने के उपलक्ष्य में अपनी बधाई व शुभकामनाएं भी दी तथा उद्योग मंत्री श्री देवांगन की उपस्थिति में समाज के लोगों को भवन की चाबी सौंपी।

# जर्जर सड़क पर शादी की भीड़ से लगा जाम, हिंसक झड़प बाद हुआ पथराव

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा



पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम डोंगाकोहरौद में जर्जर सड़क पर शादी की भीड़ से लंबा जाम लग गया। हालात इतने बिगड़ गए कि हिंसक झड़प के साथ बस पर पथराव तक हो गया। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़-बलौदा बाजार मुख्य मार्ग पर डोंगाकोहरौद के पास सड़क की हालत बद से बदतर हो चली है। यहां पर सड़क की चौड़ाई भी कम है। बताया जाता है कि इसी मार्ग पर एक घर में शादी हो रही थी, जहां बारात और मेहमानों की गाडियां घंटों फंसी रहीं। इसी दौरान जाम में फंसे वाहन चालकों और ग्रामीणों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। हालात तब और बिगड़ गए जब पामगढ़ से रायपुर जा रही एक बस लोगों के गुस्से का निशाना बन गई। भीड़ ने बस पर पत्थर बरसा दिए, जिससे कांच टूट गए और कई यात्री घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित भीड़ को किसी तरह से समझाईश देकर नियंत्रित किया। घटना में कई लोगों को चोटें आई है।

### शादी में बवाल, चले हथियार, आधा दर्जन घायल, 1 गंभीर

पामगढ़ के जेवरा में में रविवार की रात शादी घर में जमकर बवाल मच गया। बारात के दौरान जमकर हथियार चले। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है जबकि अन्य लोगों की स्थिति सामान्य है।

# ट्रेलर चालक को आई झपकी टीपी नगर सिग्नल ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए शहर के हृदय स्थल टीपी नगर में लगे ट्रैफिक सिग्नल को ही ठोकर मारते हुए पूरी तरह से तोड़ दिया है। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरा की स्थिति निर्मित हो गई थी। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि घटना देर रात को हुई अन्यथा एक बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने टीपी नगर चौक पर कहर बरपाते हुए ट्रैफिक सिग्नल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि ट्रैफिक सिग्नल का खंभा धराशायी हो गया। गनीमत रही कि आसपास कोई नहीं था अन्यथा किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। हालांकि गिरते खंभे ने कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था बाधित कर दी थी। घटना के बाद चौक का सिग्नल सिस्टम भी प्रभावित हो गया है और अब इसे पुराने मोड पर संचालित करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की लापरवाही अब आम हो चुकी है।

# जिले के 74 शिक्षक पुरानी पेंशन के बिना होंगे रिटायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष मनोज चौबे ने एल बी संवर्ग के शिक्षकों की सेवानिवृत्त के पश्चात बन रही भयावह स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 1998 और उसके बाद नियुक्त शिक्षक लगातार सेवानिवृत हो रहे हैं लेकिन विडंबना की बात यह है कि दशकों तक शिक्षा विभाग को अपनी सेवाएं देने के बाद भी उन्हें शून्य पेंशन मिल रही है। शासन के नियमों के अनुसार संविलियन के पश्चात 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर ही न्यूनतम पुरानी पेंशन की पात्रता बनती है। 2018 में संविलियन हुआ पेंशन प्रकरण में इसी तिथि से सेवा की गणना की जा रही है इसलिए 2028 से पहले रिटायर होने वाले शिक्षक 10 वर्ष की समय पूरा नहीं हो पा रहा है इसलिए पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित है। इससे पहले की 20 वर्ष की सेवा की गणना नहीं की जा रही है। 80 से 90 हजार अंतिम वेतन पाने वाले शिक्षक रिटायरमेंट के अगली ही महीना आर्थिक रूप से असहाय हो रहे हैं परिवार का भरण पोषण स्वास्थ्य सुविधा के लिए भी खर्च करने में असमर्थ है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे ने पूर्व की सेवा को गणना करने की मांग करते हुए बताया कि कोरबा जिला में 2028 के पूर्व लगभग 74 शिक्षक पुरानी पेंशन के बिना रिटायर होंगे। जिसमें विकासखंड कटघोरा से 13, पोड़ी उपरोड़ा से 34, पाली से 13, करतला से 2, कोरबा से 12 शिक्षक संवर्ग शामिल है। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ ने भी स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व दी गई लंबी सेवाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज चौबे, नरेंद्र चंद्रा, प्रदीप जायसवाल, बुद्धेश्वर सोनवानी, राजेंद्र नायक, माया देवी छत्रीय, मधुलिका दुबे, सत्य प्रकाश खांडेकर, संतोष यादव, ओमप्रकाश खांडे, राम नारायण रविंद्र, अशोक भारद्वाज आदि ने मांग की है।

# छुरीखुर्द में 40 एमव्हीए का पावर ट्रांसफार्मर चार्ज, कटघोरा पाली को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि करते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में 132 केव्ही उपकेन्द्र छूरीखुर्द में राशि 4.31 करोड़ रूपये की लागत से 40 एम.व्ही.ए. क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। विद्युत कंपनी के विशेष प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने स्वीच दबाकर नये ट्रांसफार्मर के माध्यम से विद्युत सप्लाई प्रारंभ की तथा उन्होने कहा कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कडी में आज इस उपकेन्द्र में अतिरिक्त 40 एमव्हीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर को उर्जीकृत किया गया है, जिसका लाभ इस क्षेत्र के 50 गांवों के उपभोक्ताओं को मिलेगा। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र) श्रीमती कल्पना घाटे, अधीक्षण अभियंता व्हीबीएस कंवर, रवि चन्द्राकर, डीएस पटेल कार्यपालन अभियंता एससी भगत, नवीन केरकेटटा, प्रवीण कुमार ठाकुर, अजय कंवर, जीआर जायसवाल, सहायक अभियंता असीम मिश्रा, विजय पात्रे, बसंत टोप्पो एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नगर पालिका परिषद दीपका में विशेष सामान्य सभा का हुआ आयोजन

# नारी शक्ति विधेयक पर पारित हुआ निंदा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका



नींदा प्रस्ताव पारित करने के बाद उपस्थित पार्षद।

नगर पालिका परिषद दीपका में सोमवार की दोपहर 3 बजे सामान्य सभा की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में संविधान के 131वें संशोधन से संबंधित नारी शक्ति अधिनियम 2023 (महिला आरक्षण विधेयक) पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि यह विधेयक जो देश की आधी आबादी को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने और महिलाओं को लोकतंत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, विपक्ष की सहमति के अभाव में संसद में पारित नहीं हो सका। इसे लेकर नगर पालिका परिषद ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस संबंध में नगर पालिका परिषद दीपका में एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे भारत सरकार, प्रदेश सरकार एवं महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका समर्थन उपाध्यक्ष श्रीमति संगीता साहू, वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी, पार्षद सुजीत सिंह, सुख सागर साहू, संतोष निराला, अविनाश सिंह, हिमांशु देवांगन, धीरेंद्र तिवारी, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती सुमनलता गिलहरे, श्रीमती सुनीता जायसवाल ने किया। सभी सदस्यों ने एकमत से प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बहुमत से इसे पारित किया। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य में इस प्रकार के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने हेतु सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411